<u>**लोक सभा**</u>

अतारांकित प्रश्न संख्या 1496

01 जुलाई, 2019 को उत्तर के लिए

बीमार इस्पात इकाइयां

1496. श्री विष्णु दयाल रामः

क्या इस्पात मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) देश में वर्तमान में बीमार सार्वजनिक क्षेत्र की इस्पात इकाइयों की संख्या का ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या सरकार ने उक्त इकाइयों को पुनर्जीवित करने के लिए कोई कदम उठाया है;

(ग) यदि हां, तो तत्संबंधी संयंत्र-वार ब्यौरा क्या है; और

(घ) उक्त कार्य कब तक किए जाने संभावना है?

<u>**उत्तर**</u>

इस्पात मंत्री **(श्री धर्मेंद्र प्रधान)**

(क): इस्पात मंत्रालय के अधीन इस्पात विनिर्माण के दो केन्द्रीय सार्वजनिक क्षेत्र उद्‌यम (सीपीएसई) नामशः स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड (सेल) और राष्ट्रीय इस्पात निगम लिमिटेड (आरआईएनएल) हैं। ये दोनों सीपीएसई रुग्ण सीपीएसई की श्रेणी के अंतर्गत नहीं आते हैं।

(ख) से (घ): उपरोक्त (क) के मद्देनजर प्रश्न नहीं उठता।

****